# TENDER FOR SELECTION OF PUBLIC RELATIONS AGENCY

Spices Board India is inviting Tenders from qualified Public Relations agencies for the selection of a competent media agency of repute and proven track record for managing the PR activities and media coordination.

The bids should be submitted in two separate sealed covers – technical bid and financial bid. The completed bids must be submitted along with necessary documents in a sealed cover to **Mr. Anan Debbarma, Asst. Director, Spices Board, NH Bypass Road, Palarivattom – 682025** on or before 27th January 2015, 4.00 pm. The covers should be placed in a single envelope super scribing **EXPRESSION OF INTEREST FOR SELECTION OF PUBLIC RELATIONS AGENCIES.**

## SCOPE OF WORK

- Preparing a communication strategy for raising the profile and media presence of Spices Board.
- Planning and organising press conferences for regional, national & international media.
- Preparing and disseminating press releases/ briefs on major initiatives/ achievements/ programmes/ events as per requirement.
- Media management of various seminars, exhibitions, press conferences and events organised by the Board.
- To create, plan and design strategies and programmes to improve the corporate image.
- Preparation of print and electronic material in the form of kits to the media as required.
- Organizing interviews of higher officials with top newspapers / magazines /TV channels.
- Crisis communication - It is expected that the PR agency will help to counter any adverse publicity related to the Board.
- Media tracking – tracking of online, print and electronic coverage. Submission of compiled reports every month with cost analysis.
- To render, advice and implement all programmes connected with publicity and public relations activities of SB.
- To establish and maintain positive impact among the stakeholders in general and local public in particular.
- To arrange media events, arrange printing of special articles, regular press releases through international media, national media, regional media, magazines and online portals to ensure that a positive opinion/image of our company is created among the targeted audiences.
- To prepare speeches of the top management for special events
- To translate English to any other Indian language and vice-versa to English of any news, articles, press releases, speeches to suit the appropriate media.
- Arranging articles for advertorials in magazines & newspapers through print publications & travel writers.
- Raise visibility and awareness through unpaid means of communication
- Organising Press trips / bloggers trips for promotion of Indian Spices
- To bring in at least 10 journalists from outside the State to cover any event organized by the Board in any state.

## PERIOD OF ASSIGNMENT

The initial assignment will be for a period of 2 years which might be extended to 5 years on satisfactory performance of the agency.

## MINIMUM ELIGIBILITY CRITERIA

The prospective PR agency/consultants must conform to the minimum eligibility criteria. Bids submitted by agencies that do not fulfill the minimum eligibility criteria will not be considered.

a. The agency should have been in the business of providing Public Relations services in India for at least 3 years.
b. The firm should have recorded a minimum turnover of **Rs. 1 Crore (One Crore)** in each of the immediate preceding two financial years. In support of their eligibility under this criterion, firms should furnish self- attested copies of Audited Accounts / Balance Sheet /Annual report duly certified by the Auditor.
c. The firm should have previous experience in PR consultancy/ media coordination/ PR related solutions for Government Departments / Central PSUs /State PSUs /State Governments /Statutory Corporations. In support of their eligibility under this criterion, firms should furnish copies of contracts/agreements/ self attested copies of the work order/ copies of Certificates issued by clients.
d. The agency should have a pan-India presence and preferably a contact office in Kerala

## DOCUMENTS COMPRISING BID

The Bid proposal prepared and submitted by the PR agency/consultant shall comprise the following;

1.Bid Consent letter
2.Bid submission form
3.Agency Profile
4.Documentary proof meeting Minimum Qualification Criteria.
5.Copy of Registration/Certificate of Incorporation.
6.List of Offices
7.List of clients
8.Copy of PAN
9.Copy of Service Tax Registration
10.Copy of Annual Report/Balance Sheet/Profit & Loss Account of the last 3 years
11.Copy of IT returns for the last 3 financial years

## SUBMISSION OF BIDS

Each bid has to be submitted in a single envelope. Each cover should have two separate covers:

Cover 1 should be marked as TECHNICAL BID DOCUMENT
Cover 2 should be marked as FINANCIAL BID DOCUMENT

The Technical bid cover should include the details sought in the statement at Annexure 1, along with copies of all supporting documents mentioned therein.

**EMD** (Earnest Money Deposit)

- Each technical Bid must be accompanied by an EMD of Rs. 50,000/- in the form of DD from any nationalized bank, drawn in the favour of 'Secretary, Spices Board, Cochin.'
- EMD of the unsuccessful bidders shall be refunded

The Financial bid cover should enclose the letter, providing the Financial bid in the format as given in Annexure 2.

A bidder can submit only one proposal. If the Bidder submits more than one proposal, such proposals shall be disqualified. Bids received after the closing date and time mentioned above will be rejected without any further communication on the matter.

**BID EVALUATION**

Bids will be evaluated by an Evaluation Committee constituted for the purpose. Evaluation of minimum eligibility: The first stage of evaluation will be based on the minimum eligibility criteria detailed above. Only those bids, which fulfill the above criteria, will be subjected to detailed technical evaluation.

A two-stage procedure will be adopted for technical evaluation. Technical evaluation will consist of scrutiny of the documents submitted and awarding marks as per the bid evaluation criteria enumerated below. All bidders being considered at this stage will be invited for making a presentation before the Evaluation Committee. Technical bid document should have the following sections:

**Company Profile**: Include firm name and address and list key members of the team. Provide a copy of the Registration document and PAN number. Provide contact information, including name, telephone and facsimile numbers and e-mail address.

**Annual Turnover**: Provide proof of annual turnover- audited balance sheet/audited accounts of the firm for the last – financial years.

**Work experience:** Includes details of background, expertise and experience in public relations and media management, particularly for government/public sector clients. Please provide copies of agreements/contracts/work orders to prove your claim.

**Presentation**: The agency should attach a brief presentation that will outline an analysis of the present media presence of Spices Board India and provide a draft strategy outline to increase the visibility and create a positive presence in the media. The Board may call the firms for detailed presentation, if necessary.

**Financial bid:** Each firm should quote a fee to provide all the deliverables given in the Scope of Work. The quoted fee should not be a qualified or conditional one. The fee will be net, and all applicable taxes will be computed extra.

**SELECTION PROCESS**

The selection will be made on a Quality cum Cost Based System. The total score of each firm will be arrived on the following pattern:

Technical evaluation - 75 marks

Financial score – 25 marks
TOTAL - 100 marks
The Technical evaluation will be as per the criteria and weightage below:

| S. No | Criteria | Max Score | Guidelines for Scoring | Proof to be submitted |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Annual Turnover (2 years) | 10 | Minimum Rs 1 Crore – 5 marks per year | Audited balance sheet of the company (past 3 years) |
| 2 | Company profile | 15 | Experience of key persons in media and PR | Brief profiles of key persons; including period<br>Profile of the company. |
| 3 | Work experience with Government /Ministries/ PSUs | 15 | 5 marks for each client | Copies of Work orders / performance certificates/ letters |
| 4 | Domain (Food/ Commodities/ Similar Area) | 15 | 5 marks per client | Copy of work orders/ sample clippings |
| 5 | Presentation | 20 | Based on the strength of the media plan, strategies, deliverable. | Copy of the media plan/ presentation |
| 6 | Financial bid | 25 | | Financial bid document |
| | Total | 100 | | |

Financial Score will be arrived at as follows:
The firm quoting the lowest fee will be awarded 25 marks. The other firms will be allocated marks based on the formula " 25 X PL/P", where P is the fee quoted by the firm and PL the lowest fee quoted.

Based on the above scoring system, the firm scoring the highest marks will be awarded the work.

**FEES & OTHER CHARGES**

The selected agency will be paid a monthly retainer fee and service tax as applicable as professional charges.

Spices Board India reserves the right to call for any further information. Any information furnished by the firm found to be incorrect at any stage would render their being declared ineligible. The board shall not be responsible for any postal delay. Incomplete application may summarily lead to rejection of the application. The competent authority shall have the right to reject any or all the bid without assigning any reason

**Annex 1**

**TECHNICAL BID**

| | | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name | |
| 2 | Year of Establishment | |
| 3 | Place of Incorporation | |
| 4 | Address of Registered Office | |
| 5 | Address of Office in Kerala | |
| 6 | Details of branches/associates outside Kerala | |
| 7 | Company profile :<br>(include brief profiles of team members/ full time employees) : (Attach detailed profile) | |
| 8 | Legal status of Bidder :(proprietor/partnership/private ltd/public ltd) | |
| 9 | Service Tax Registration (enclose copy) : | |
| 10 | PAN no (enclose copy) : | |
| 11 | Contact details of CEO/head of the agency :<br>(name, address, phone, email, mobile) | |
| 12 | Work Experience (provide details of Government /Ministries/PSUs clients ) | |
| 13 | Domain Experience : (Provide details of experience in handling clients in food industry) | |
| 14 | Turnover : (Enclose supporting documents) | |

**SIGNATURE & NAME (along with seal)**

**Annex 2**

# FINANCIAL BID

To
Spices Board
Sugandha Bhavan
Palarivattom
Kochi – 25

Dear Sir,

I hereby submit the Financial Bid for the Selection of Media & PR Consultancy Agency and related activities as envisaged in the bid document. I have thoroughly examined and understood all the terms and conditions as contained in the bid document and agree to abide by them.
I hereby offer to fulfill the deliverables as per the scope of work outlined in the bid document for a monthly retainer fee of Rs ………… plus service tax as applicable.

Yours faithfully,

(Signature of the authorized representative)
Full Name:
Designation:
Name and Address of the Agency:
Seal:
Date:
Place:

## जन संपर्क एजेंसी के चयन केलिए निविदा

स्पाइसेस बोर्ड योग्य जनसंपर्क एजंसियों से नामी और पीआर कार्यों व मीडिया समन्वयन प्रबंधन में अच्छे ट्रैक रेकॉर्ड वाले सक्षम मीडिया एजेंसी के चयन केलिए निविदाएँ आमंत्रित करता है।

ये बोलियाँ -तकनीकी बोली और वित्तीय बोली - दो अलग अलग मुहरबंद लिफाफों में प्रस्तुत की जानी चाहिए। पूर्ण रूप से तैयार बोलियों को एक मुहरबंद लिफाफे में आवश्यक कागजातों सहित **श्री अनन देबबर्मा, सहायक निदेशक, स्पाइसेस बोर्ड, एनएच बाई पास रोड, पालारिवट्टम-682025** को 27 जनवरी 2015 को सायं 4.00 बजे या उससे पहले प्रस्तुत किया जाना चाहिए। लिफाफों को एक बड़े लिफाफे, जिसके ऊपर **जन संपर्क एजेंसियों के चयन केलिए अभिरुचि की अभिव्यक्ति** लिखा गया हो, में डालना चाहिए ।

**कार्यक्षेत्र**

- स्पाइसेस बोर्ड की प्रोफाइल और मीडिया में उपस्थिति बढ़ाने के लिए एक संचार योजना तैयार करना ।
- प्रादेशिक, राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय माध्यमों के लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस की योजना बनाना व उनका आयोजन करना।
- आवश्यकता के अनुसार प्रमुख पहल / उपलब्धियों / कार्यक्रमों / घटनाओं पर प्रेस विज्ञप्ति / संक्षेप तैयार करना और उसका प्रसार करना ।
- बोर्ड द्वारा आयोजित विभिन्न सेमिनारों, प्रदर्शनियों, प्रेस सम्मेलनों और घटनाओं का मीडिया प्रबंधन।
- कोर्परेट इमेज बढ़ाने के लिए रणनीति और कार्यक्रम तैयार करना, योजना बनाना और उसका रूपांकन करना।
- आवश्यकता के अनुसार मीडिया के लिए किट के रूप में प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक सामग्री तैयार करना ।
- प्रमुख समाचार पत्रों / पत्रिकाओं / टीवी चैनलों के साथ उच्च अधिकारियों के साक्षात्कारों का आयोजन।
- संकट संचार - यह उम्मीद की जाती है कि पीआर एजेंसी बोर्ड से संबंधित किसी भी प्रतिकूल प्रचार का मुकाबला करने में मदद करेगी।
- मीडिया ट्राकिंग - ऑनलाइन, प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक कवरेज का ट्राकिंग। लागत विश्लेषण के साथ हर महीने संकलित रिपोर्ट प्रस्तुत करना ।
- स्पाइसेस बोर्ड के प्रचार और जनसंपर्क गतिविधियों के साथ जुड़े सभी कार्यक्रमों के लिए सलाह देना और कार्यान्वयन करना ।
- पणधारियों पर सामान्य रूप से और स्थानीय जनता पर विशेष रूप से सकारात्मक प्रभाव डालना और उसे बनाए रखना ।
- यह सुनिश्चित करने के लिए कि हमारी कंपनी की एक सकारात्मक राय / छवि लक्षित दर्शकों के बीच बनाई गई है, अंतरराष्ट्रीय मीडिया, राष्ट्रीय मीडिया, क्षेत्रीय मीडिया, पत्रिकाओं और ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से मीडिया सम्मेलनों, विशेष लेख के मुद्रण और नियमित रूप से प्रेस विज्ञप्ति की व्यवस्था करना।
- विशेष घटनाओं केलिए उच्च अधिकारियों के भाषण तैयार करना ।
- उपयुक्त मीडिया के अनुकूल किसी भी समाचारों, लेखों, प्रेस विज्ञप्तियों, भाषणों का अंग्रेजी से किसी अन्य भारतीय भाषा में और अंग्रेजी में अनुवाद करना ।
- मुद्रित प्रकाशनों और यात्रा लेखकों के माध्यम से पत्रिकाओं और समाचार पत्रों में एड्वाटोरियल्स के लिए लेख की व्यवस्था करना।
- अवैतनिक संचार साधनों के माध्यम से दृश्यता और जागरूकता बढ़ाना
- भारतीय मसालों के संवर्धन के लिए प्रेस यात्राएं / ब्लॉगर्स यात्राएं आयोजित करना ।
- किसी भी राज्य में बोर्ड द्वारा आयोजित की जानेवाली किसी भी घटना को कवर करने के लिए राज्य के बाहर से कम से कम 10 पत्रकारों को लाना ।

**<u>नियत कार्य की अवधि</u>**

प्रारम्भिक नियत कार्य दो साल की अवधि केलिए होगा, जो एजेंसी के संतोषजनक निष्पादन पर 5 साल के लिए बढ़ाया जा सकता है।

**न्यूनतम पात्रता प्रतिमान**

पी आर एजेंसी/परामर्शदाताओं को न्यूनतम पात्रता प्रतिमान के अनुरूप होना ज़रूरी है। एजेंसियों द्वारा लगाई गई बोली जो न्यूनतम पात्रता प्रतिमान की पूर्ति नहीं करती है, पर विचार नहीं किया जाएगा।

अ) एजेंसी को कम से कम तीन सालों केलिए भारत में जन संपर्क सेवाएं उपलब्ध कराने के कारोबार में लगा हुआ होना चाहिए ।

आ) फ़र्म द्वारा प्रत्येक तुरंत दो पूर्ववर्ती वित्तीय वर्षों में एक करोड़ रुपए का न्यूनतम टर्नओवर दर्ज़ किया जाना चाहिए। इस प्रतिमान के अधीन अपनी पात्रता के समर्थन में फ़र्म को लेखा परीक्षक द्वारा विधिवत् प्रमाणित लेखा परीक्षित लेखे/तुलन पत्र/वार्षिक रिपोर्ट की विधिवत प्रमाणित प्रतियाँ प्रस्तुत करनी चाहिए ।

इ) फ़र्म को पी आर परामर्श/मीडिया समन्वयन/सरकारी विभागों/केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों/राज्य सार्वजनिक उपक्रमों/राज्य सरकारों/संवैधानिक निगमों में पी आर से जुड़े कार्यों के निपटान का अनुभव होना चाहिए। इस प्रतिमान के अधीन, फ़र्मों को पूर्व संविदाओं/करारों/कार्यादेश की स्वतः साक्ष्यांकित प्रतियाँ/ग्राहकों द्वारा जारी प्रमाणपत्रों की प्रतियाँ प्रस्तुत करनी चाहिए।

ई) एजेंसी की पूरे भारत में मौजूदगी और अधिमानतः केरल में अपना एक संपर्क कार्यालय होना चाहिए।

**बोली लगाने के साथ समाविष्ट दस्तावेज़**

पी आर एजेंसी/परामर्शदाता द्वारा तैयार एवं प्रस्तुत बोलीलगाने के प्रस्ताव में निम्नलिखित समाविष्ट होंगे:-

1. बोली सहमति पत्र
2. बोली प्रस्तुति पत्र
3. एजेंसी प्रोफाइल
4. न्यूनतम योग्यता प्रतिमान की पूर्ति का दस्तावेजी प्रमाण
5. रजिस्ट्रेशन/निगमीकरण प्रमाणपत्र की प्रति
6. कार्यालयों की सूची
7. ग्राहकों की सूची
8. पी ए एन(PAN) की प्रति
9. सेवा कर रजिस्ट्रेशन की प्रति
10. पिछले तीन सालों की वार्षिक रिपोर्ट/तुलन पत्र/लाभ व हानी लेखे की प्रति
11. पिछले तीन वित्तीय वर्षों के आयकर विवरणियों की प्रति

**बोली की प्रस्तुती**

प्रत्येक बोली एकल लिफाफे में प्रस्तुत की जानी चाहिए। प्रत्येक लिफाफे में दो अलग अलग लिफाफे होने चाहिए

लिफाफा 1: **तकनीकी बोली दस्तावेज़** के रूप में अंकित

लिफाफा 2: **वित्तीय बोली दस्तावेज़** के रूप में अंकित

तकनीकी बोली के लिफाफे में उसमें उल्लिखित सभी समर्थक दस्तावेज़ों की प्रतियाँ सहित अनुबंध-1 में पूछे गए विवरण शामिल होने चाहिए ।

**ईएमडी बयाना जमा राशि**

- प्रत्येक तकनीकी बोली के साथ 'सचिव, स्पाइसेस बोर्ड, कोचिन' के नाम पर डी डी के रूप में आहरित 50,000/- रु. की ई एम डी अनिवार्यतः संलग्न की जानी है।
- असफल बोलीकर्ताओं की ई एम डी वापस की जाएगी।

वित्तीय बोली के लिफाफे के साथ, अनुबंध-2 में दिए फॉर्मेट के अनुसार वित्तीय बोली देते हुए पत्र संलग्न करनी चाहिए ।

बोली लगानेवाला केवल एक ही प्रस्ताव भेज सकता है। यदि, बोली लगानेवाला एक से अधिक प्रस्ताव प्रस्तुत करता है, तो ऐसे प्रस्ताव अयोग्य होंगे। ऊपर उल्लिखित समापन तारीख व समय के बाद प्राप्त बोलियों को इस संबंध में आगे किसी पत्राचार के बिना निरस्त किया जाएगा।

**बोली का मूल्यांकन**

इस प्रयोजनार्थ गठित एक मूल्यांकन समिति द्वारा बोलियों का मूल्यांकन किया जाएगा। न्यूनतम पात्रता का मूल्यांकन: मूल्यांकन का पहला चरण ऊपर बताए न्यूनतम पात्रता प्रतिमान पर आधारित होगा। केवल वे ही "बोलियाँ" जो ऊपर के प्रतिमान की पूर्ति करती हैं, विस्तृत तकनीकी मूल्यांकन के अधीन लाई जाएंगी।

तकनीकी मूल्यांकन केलिए एक दो चरणीय प्रक्रिया अपनाई जाएगी। नीचे बताए बोली-मूल्यांकन प्रतिमान के अनुसार, प्रस्तुत दस्तावेज़ों की काट-छांट और अंक देने का कार्य तकनीकी मूल्यांकन में शामिल होगा। इस चरण में जिन बोली लगानेवालों पर विचार किया जा रहा है, उन्हें मूल्यांकन समिति के समक्ष एक प्रस्तुति केलिए आमंत्रित किया जाएगा। तकनीकी बोली लगाने के दस्तावेज़ में निम्नलिखित भाग होंगे:

**कंपनी प्रोफाइल :** फ़र्म का नाम व पता तथा टीम के प्रमुख सदस्यों का नाम शामिल करें। रजिस्ट्रीकरण दस्तावेज़ की प्रति और पी ए एन उपलब्ध कराएं। नाम, टेलीफोन एवं फ़ैक्स नंबर तथा इ-मेइल पता सहित संपर्क सूचना उपलब्ध कराएं।

**वार्षिक टर्नओवर :** वार्षिक टर्नओवर का प्रमाण दें। पिछले ____ वित्तीय वर्षों के लेखापरीक्षित तुलन-पत्र/फ़र्म के लेखापरीक्षित लेखे दें।

**कार्य अनुभव:** जन संपर्क एवं मीडिया प्रबंधन की पृष्ठभूमि, सुविज्ञता एवं अनुभव , खासकर सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के ग्राहकों केलिए, के विवरण। करार/संविदा/कार्यादेश की प्रतियाँ आपके दावे के प्रमाण स्वरूप दें।

**प्रस्तुति :** एजेंसी को स्पाइसेस बोर्ड भारत की वर्तमान मीडिया मौजूदगी के विश्लेषण का खांका खीचनेवाली संक्षिप्त प्रस्तुति संलग्न करनी चाहिए और अपने दृष्टिक्षेत्र को बढ़ाने और मीडिया में सकारात्मक उपस्थिति के सृजन केलिए तंत्र-रूपरेखा का खाका उपलब्ध कराएं। यदि आवश्यक हो तो, बोर्ड विस्तृत प्रस्तुति केलिए फ़र्म को बुला सकता है।

**वित्तीय बोली:** प्रत्येक फ़र्म को 'कार्य-क्षेत्र' में दिए गए सभी विवरण योग्य चीजों की प्रस्तुति केलिए एक शुल्क निर्धारित करना चाहिए। निर्धारित शुल्क योग्य या सशर्त नहीं होना चाहिए। शुल्क निवल होगा और लागू कर अतिरिक्त परिकलन किए जाएंगे।

**चयन प्रक्रिया :**

गुणवत्ता व लागत आधारित प्रणाली पर चयन किया जाएगा। प्रत्येक फ़र्म का कुल स्कोर निम्नलिखित पटर्न पर होगा:

तकनीकी मूल्यांकन - 75 अंक

वित्तीय स्कोर :- 25 अंक

कुल : 100 अंक

तकनीकी मूल्यांकन नीचे के मानदंड और महत्व के अनुसार होगा:

| **क्रम सं.** | **मानदंड** | **अधिकतम अंक** | **अंक प्राप्त करने केलिए मार्ग निर्देश** | **प्रस्तुत किए जाने के प्रमाण** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्षिक टर्नओवर (दो वर्षों के) | 10 | कम से कम एक करोड़ रुपए - पाँच अंक प्रतिवर्ष | कंपनी का लेखापरीक्षित तुलन-पत्र (पिछले तीन वर्षों के) |
| 2 | कंपनी प्रोफाइल | 15 | मीडिया और जन संपर्क में प्रमुख लोगों के अनुभाग | प्रमुख लोगों के संक्षिप्त प्रोफ़ाइल,अवधि सहित । कंपनी का प्रोफाइल । |
| 3 | सरकार/मंत्रालयों/ पी एस यू ओं के साथ कार्य अनुभव | 15 | प्रत्येक ग्राहकों केलिए पाँच अंक। | कार्य आदेशों की प्रतियाँ/ निष्पादन प्रमाण पत्र / पत्र |
| 4 | क्षेत्र (खाद्य/जिन्स/समान क्षेत्र) | 15 | प्रत्येक ग्राहकों केलिए पाँच अंक। | कार्य आदेशों की प्रति और क्लिप्पिंग के नमूने |
| 5 | प्रस्तुतीकरण | 20 | वितरणयोग्य मीडिया योजना, रणनीति, की शक्ति के आधार पर। | मीडिया योजना / प्रस्तुतीकरण की प्रति |
| 6 | वित्तीय बोली | 25 | | वित्तीय बोली कागजात |
| | कुल | 100 | | |

वित्तीय स्कोर को निम्न प्रकार से आँका जाएगा :

सबसे कम शुल्क कोट करनेवाले फ़र्म को 25 अंक दिया जाएगा। अन्य फ़र्मों को फोरमुला "25 X PL/P” के आधार पर अंक दिए जाएंगे, जहां, P फ़र्म द्वारा कोट किया गया शुल्क है और PL कोट किया गया निम्नतम शुल्क हैं।

उपर्युक्त स्कोरिंग प्रणाली के आधार पर, सबसे अधिक अंक प्राप्त करने वाले फ़र्म को काम दिया जाएगा।

**शुल्क व अन्य चार्ज**

चयनित एजेंसी को व्यावसायिक शुल्क के रूप में लागू मासिक रीटेनर शुल्क और सेवा कर का भुगतान किया जाएगा।

स्पाइसेस बोर्ड भारत किसी भी अधिक जानकारी मांगने का अधिकार सुरक्षित रखता है। फर्म द्वारा दी गई कोई भी जानकारी किसी भी स्तर पर गलत पाए जाने पर उनको अयोग्य घोषित किया जाएगा । बोर्ड किसी भी डाक विलंब के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। अपूर्ण आवेदनों का पूर्णतः निरसन किया जा सकता है। सक्षम अधिकारी को बिना कोई कारण बताए किसी बोली या सभी बोलियों का निरसन करने का अधिकार होगा।

**अनुबंध-1**

**तकनीकी बोली**

| | | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | नाम | |
| 2 | स्थापना वर्ष | |
| 3 | संस्थापन का स्थान | |
| 4 | पंजीकृत कार्यालय का पता | |
| 5 | केरल के कार्यालय का पता | |
| 6 | केरल के बाहर की शाखाओं /सहयोगियों का विवरण | |
| 7 | कंपनी प्रोफाइल :<br>(टीम सदस्यों/पूर्ण कालिक कर्मचारियों के संक्षिप्त प्रोफाइल सहित) : (विस्तृत प्रोफाइल संलग्न करें) | |
| 8 | बोली लगाने वाले की वैधानिक स्थिति :<br>(मालिक / साझेदारी / प्राइवेट लिमिटेड / पब्लिक लिमिटेड) | |
| 9 | सेवा कर रजिस्ट्रीकरण (प्रति संलग्न करें): | |
| 10 | पैन सं. (प्रति संलग्न करें) : | |
| 11 | एजेंसी के सी ई ओ / प्रमुख के संपर्क विवरण (नाम, पता, फोण, इ-मेइल, मोबाइल) | |
| 12 | कार्य अनुभव ( सरकारी / मंत्रालय/पीएसयू ग्राहकों के विवरण प्रदान करें) | |
| 13 | डोमैन अनुभव : (खाद्य उद्योग में ग्राहकों के साथ निपटने के अनुभव के विवरण प्रदान करें) | |
| 14 | टर्नओवर (सहायक दस्तावेज़ संलग्न करें) | |

हस्ताक्षर व नाम

(मोहर सहित)

**अनुबंध-2**

**वित्तीय बोली**

सेवा में

स्पाइसेस बोर्ड
सुगंध भवन
पालारिवट्टम
कोच्ची-25

प्रिय महोदय,

मैं बोली दस्तावेज में बताए अनुसार मीडिया और पीआर कन्सल्टेंसी एजेंसी के चयन और संबंधित गतिविधियों के लिए एतदद्वारा वित्तीय बोली प्रस्तुत करता हूँ। मैं ने बोली दस्तावेज में निहित सभी नियमों और शर्तों को अच्छी तरह से जांच और समझ लिया है और उनके पालन करने के लिए सहमत हूँ ।

मैं इसके द्वारा ...........रु. की मासिक रिटेनर फीस और लागू सेवा कर के लिए बोली दस्तावेज में उल्लिखित कार्य क्षेत्र के अनुसार वितरणयोग्य को पूरा करने का प्रस्ताव करता हूँ ।

भवदीय,

(प्राधिकृत प्रतिनिधि का हस्ताक्षर )
पूरा नाम:
पदनाम:
एजंसी का नाम व पता :
मुहर :
तारीख:
स्थान :